

अध्यक्ष हेनरी बी. आईरिंग द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में प्रथम अध्यक्ष

अनंत परिवार के प्रेम की आशा

हमारे स्नेही स्वर्गीय पिता ने अपने बच्चों को उन सब भेंटों में से,सब से महान अनंत जीवन की प्रदान किया है । (देखें सि और अनु 14:7) । वह भेंट परमेश्वर पिता और उनके एकलौते पुत्र की उपस्थिति मे परिवारों के साथ हमेशा के लिये रहना की है । परिवारिक जीवन के स्नेही बंधन केवल सिलेस्टियल, परमेश्वर के सबसे उच्चतम राज्यों में जारी रहेंगे ।

हम सब स्नेही परिवारों में आंनद से रहने की आशा करते हैं । हम में से कुछ के लिए, यह एक भावना है जिसका हमें अनुभव नहीं किया – एक भावना जिसे हमें जानना संभव है परंतु अभी तक उसका एहसास नहीं हुआ हैं । हमने यह दूसरो के जीवन में देखा होगा । हम मे से दूसरो के लिये, परिवार का प्रेम तब सच्चा और बहुमूल्य लगता है जब मृत्यु हमें एक बच्चे,एक मां, एक पिता,एक भाई,एक बहन या एक स्नेह प्रिय दादा-दादी से अलग करती है ।

हम सब ने उस आशा को महसूस किया था कि किसी दिन हम फिर से उस परिवार के सदस्य के प्रेम जिससे हमने बहुत प्रेम किया और अब दोबारासे गले लगने की वेदना को महसूस कर सकते है ।

हमारे प्रिय स्वर्गीय पिता हमारे मनों को जानते हैं ।

उनका उदेश्य हमें खुशी देना हैं । (देखें 2 नफी 2:25)

और इस लिए उन्होंने इसे अपने पुत्र की भेंट से संभव किया ताकि परिवार के बंधन हमेशा के लिए बने रहें । क्योंकि उद्धारकर्ता ने मृत्यु के बंधनों को तोड़ा, हम जीवित होंगें । क्योंकि उन्होंने हमारे पापों के लिए अपना बलिदान दिया, हम अपने विश्वास और पश्चाताप से सिलेस्टियल राज्य के योग्य बनते है, जहां परिवार प्रेम के बंधनों में हमेशा के लिए जुड जाते है

उद्धारकर्ता ने भविष्यवक्ता एलाइजा को जोसफ स्मिथ के पास पौरोहित्य कुंजियों को पुन स्थापित करने के लिए भेजा । (देखें सि और अनु 110) । उन कुंजियों के साथ मुहरबंद होने का अधिकार मिला, परमेश्वर की सबसे बड़ी भेंट अपने बच्चों को परिवारों का हमेशा के बंधनों में अंनत जीवन के लिए जुड जाना है ।

इस संसार में परमेश्वर के आएं प्रत्येक बच्चे के लिए यह एक प्रस्ताव है जो इसका दावा कर सकता है । उनके एक तिहाई आत्मिक बच्चों ने आत्मिक संसार में इस प्रस्ताव को अस्वीकृत किया था । पर्याप्त विश्वास की कमी से और फिर खुले विदोह से, उन्होंने स्वर्गीय पिता की अनंत परिवारों कि भेंट के आंनद को कभी नहीं चुना ।

हम में से जो इस अत्यंत परिक्षा से पहले के जीवन के आत्मिक संसार को पारित कर चुकें है और नाश्वर शरीर कि भेंट को प्राप्त करने के योग्य हुए हैं,अनंत जावन का चुनाव करना अभी भी हमारा निर्णय हैं । यदि हम आशीषित है पुन स्थापित सुसमाचार को पा कर, हम अनुबंधों को रखने और करने का चुनाव परमेश्वर के साथ कर सकते है जो हमें अनंत जीवन के योग्य बनाता है । जैसे की हम उस विश्वासनीयता में दृड रहते है, पवित्र आत्मा हमें हमारी आशा और आत्मविश्वास की पुष्टि करता है की हम अनंत जीवन के मार्ग पर है, परिवारों में रहने के लिए सिलस्टियल राज्य में सदा के लिए ।

कुछ के लिए, वह अनंत आनंद एक अस्पष्ट और धुंधली आशा हो । माता पिता, बच्चे,भाईयों और बहनों ने चुनाव किया हो जो उन्हें अनंत जीवन से अयोग्य करता हो । आप यह भी सोचते होंगे कि क्या आप योग्य हुए है यीशु मसीह के बलिदान द्वारा ।

परमेश्वर के एक भविष्यवक्ता ने एकबार मुझे सलाह दी जो मुझे शाति देती है । मैं चिंतित था की दूसरों के चुनाव से हमारे परिवार का सदा के लिए साथ असंभव हो सकता है । उन्होंने कहां, ''आप गलत समस्या के लिए चिंता कर रहे हो । आप बस सिलेस्टियल राज्य के योग्य रहें और परिवार कि व्यवस्था आप की सोच से भी अधिक आश्चर्यजनक होगी ।''

उन सब के लिए जिनके निजी अनुभव या जिनकी शादी और बच्चें- या उसका अभाव– उनकी आशाओं पर छाया डालता है, मैं अपनी गवाही देता हूं: स्वर्गीय पिता आपको अपने आत्मिक बच्चे जैसा जानते और प्रेम करते हैं । जब आप उनके और उनके प्रिय पुत्र के साथ इस जीवन से पहले थे, उन्होंने अपने मन में आप के लिए अनंत जीवन की आशा रखी । यीशु मसीह के बलिदान की शक्ति के साथ में कार्य करना और पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन से, आप अब महसूस कर सकते है और आने वाले संसार में भी परिवार का प्रेम महसूस करेंगें जो पिता और उनके प्रिय पुत्र आप को अधिकतर देना चाहते हैं ।

मैं गवाही देता हूं की जैसे की आप सिलेस्टियल राज्य के योग्य रहते हैं,भविष्यवाणी का वादा की ''परिवार कि व्यवस्था आप की सोच से भी अधिक आश्चर्यजनक होगी'' आपकी होगी ।

इस संदेश से सीख

विचार करें वह क्षण बता कर जिन्हें आप पढ़ाते है जब आप आभारी रहें हों अनंत परिवारों कि आशा के लिए । आमंत्रित करें उन्हें उन क्षणों के बारे में ध्यान करने के लिए जब उन्होंने अनंत परिवारों के लिए आभार महसूस किया है । उनसे पूछे यदि वह बांटना चाहेगें । आप उनको फिर आंमत्रित कर सकते है उन मार्गो के बारे में सोचने के लिए जिनसे सुधार और योग्य रहा जा सकता है सिलेस्टियल राज्य के लिए ताकी भविष्यवाणी का वादा, ''परिवार कि व्यवस्था... आप की सोच से भी अधिक आश्चर्यजनक होगी'' उनकी हो सके ।

युवा

अनंत खुखी को बांटना

सुसमाचार की एक सबसे अच्छी चीज मुक्ति की योजना का ज्ञान है । हमारे पास अपने परिवार के साथ अनंत तक रहने का अवसर है । वह ज्ञान हमें आशा देने मे हमारी मदद करता है जब हम संसार से पराजित महसूस करते है । अध्यक्ष आईरिंग सीखाते है, ''हमारे स्वर्गीय पिता हमारे मनों को जानते हैं । उनका उदेश्य हमें खुशी देना हैं । और इसलिए उन्होंनें इसे अपने पुत्र कि भेंट से संभव किया ताकि परिवार के बंधन हमेशा के लिए बने रहें । इस संसार में आऐं परमेश्वर के प्रेत्यक बच्चे के लिए यह एक प्रस्ताव है जो इसका दावा कर सकता है ।

वह आशीष हम में से जो अभी जीवित है और जो जा चुकें हैं उन पर लागू होती हैं–परन्तु केवल मदद हमारी मदद से । हमारे पूर्वज अभी आत्मिक संसार में है, प्रतीक्षा कर रहे है की हम उनके नामों को तैयार कर मंदिर की धर्मविधियों को उनकी ओर से प्रदर्शित करें । परंतु कभी कभी उनके लिए काम करना मुश्किल हो सकता है । हम शायद बहुत व्यस्त हो, या हम मंदिर से काफी दूर रहते हो वहां अकसर जाने के लिए ।

सौभाग्यवश, दूसरे तरीकों से हम अपने पूर्वजों की मदद कर सकते हैं, जैसे कि परिवारिक इतिहास का कार्य, अनुक्रमण. या अन माता पिता के बच्चों को देख कर जो मंदिर जाते हैं । मदद दवारा, प्रुभ की सेवा करते है और उन अनंत परिवारों को आशा देते है जो परदे की दूसरी ओर हैं ।

बच्चें

परिवार सदा के लिए हैं

यीशु मसीह के बलिदान और पौरोहित्य की कुजिंयों कि पुन स्थापना से, हम अपने परिवारों के साथ सदा के लिए रह सकते हैं । आप अपने परिवार के बारे क्या पंसद करते हैं ? इन निद्दशों का पालन कर यह कागज की चेन बनाये अपने परिवार कि प्रशंसा करने के लिए ।

1. एक कागज के टुकड़े को दो भाग में तह करे ताकि आप के पास एक लंबा पटटी हो
2. एक व्यक्ति बनायें जिसके हाथ तह किये हुए कोनों तक पहुंचें ।
3. व्यक्ति को कांटे । वहां ना कांटे जहां हाथ तह किये हुए कोनों को छुऐं ।
4. तह खोले । हर परिवार के सदस्य के विषय में कुछ भी जो आपको पंसद है बनायें या लिखें ।
5. यदि आपका परिवार बड़ा है तो एक साथ विभिन्न चेन चिपकायें ।

अनुमतिः 6/16 । अनुवाद अनुमतिः 6/16 । *First Presidency Message, August 2016* का अनुवाद । Hindi । 12868 294

परिवारों का पोषण एक साथ करना

प्रार्थनापूर्वक इस सामग्री को पढ़ें और क्या बांटना है को जानने के लिये खोजें । किस प्रकार से ''परिवारः संसार को एक घोषणा'' की समझ आपका विश्वास परमेश्वर में बढ़ाता हैं और उनको आशीष देता है जिन्हें आप भेंट करने वाले शिक्षक हो देखते है ? और जानकारी के लिए,देखें *reliefsociety.lds.org*

विश्वास, परिवार, सहायता

एक ''पति और पत्नी की एकमत जिम्मेदारी है एक दूसरे और अपने बच्चों को प्रेम और उनका ध्यान रखने की ।''[1] ''घर को परमेश्वर के प्रेम और सेवा की प्रयोगशाला होना चाहिए,'' कहां अध्यक्ष रसल एम. नेलसन, बारह प्रेरितों की परिषद के अध्यक्ष ।

हमारे स्वर्गीय पिता चाहते है कि पति और पत्नियां एक दूसरे के साथ विश्वसनीय रहें और अपने बच्चों को सम्मान और प्रभु की विरासत, समझ व्यवहार करें ।''[2]

मॉरमन की पुस्तक में, याकूब ने कहां कि जो प्रेम पति और पत्नी के लिए रखते हैं, उनकी पत्नियां जो प्रेम अपने पतियों से करती हैं, और जो प्रेम वह दोनों अपने बच्चों से करते है वही एक कारण एक समय में था लमनाईटीयों का नफाईटीयों से अधिक ईमानदार होने का ।(देखें याकूब 3:7)।

अपने घरों में प्रेम और सामंजस्य को आंमत्रित करने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के सदस्यों से नम्रता से बात करना है । नम्रता से बात करना पवित्र आत्मा को प्रस्तुत करता है । बहन लिंडा के बर्टन, सहायता संस्था की जनरल अध्यक्ष ने हमें गौर करने को कहां, ''कितनी बार हम एक दूसरे से स्वेच्छा से नम्रता के वचन बोलते हैं ?''[3]

अतिरिक्त धर्मशास्त्र

रोमियों 12:10; मोसायाह 4:15; Doctrine and Covenants 25:5

जीवित कहानियां

एलडर डी, टौड क्रिसटोफरसन बारह प्रेरितों की परिषद के, ने अपने बचपन के अक अनुभव को बांटा जिसने उन्हें एक स्नेही परिवार के महत्व कि ओर प्रभावित किया । जब वह और उनके भाई लडके थे, उनकी मां का उग्र कैंसर का आपरेशन हुआ जिसने उनके सीधे हाथ के इस्तेमाल में बहुत दर्द दिया । लडकों के इस परिवार के साथ, बहुतइस्त्री का काम था, परंतु जैसे ही मेरा इस्त्री करती, अकसर वह रुक जाता और अपने कमरे में जा कर खूब रोती जब तक दर्द कम ना हो जाता ।

जब एलडर क्रिसटौफरसन के पिता को अहसास हुआ की क्या हो रहा है, वह गुप्त रुप से एक साल तक लंच के बिना जाते रहें पैसे बचान के लिए ताकि वह मशीन खरीद सकें जो इस्त्री को आसान कर सकें । अपनी पत्नी के प्रेम की ओर, उन्होंने अपने परिवारों में अपने लडकों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया । इस नर्म बातचीत पर, एलडर क्रिसटौफरसन ने कहां, ''मैं अपने पिता के सि बलिदान के बारे में और उस समय अपनी मां के प्रति इस कार्य को नहीं जानता था, परन्तु अब जब मैं जानता हूं, मैं अपने आप से कहता हूं, 'एक व्यक्ति है ।''''[4]

टिप्पणी

1. "परिवारः संसार को एक घोषणा," *Liahona*, Nov. 2010, 129.
2. रसल एम. नैलसन, "Salvation and Exaltation," *Liahona*, May 2008, 8.
3. लिंडा के. बर्टन, ''We'll Ascend Together," *Liahona* , May 2015, 31.
4. डी टौड क्रिसटौफरसन, "Let Us Be Men," *Liahona* , Nov. 2006, 46.

गौर करें

किस प्रकार से एक दूसरे की ओर स्नेही और देख-रेख करना आत्मा को हमारे घरों में अंमत्रित करता हैं ?

© 2016 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/16 । अनुवाद अनुमतिः 6/16 । *Visiting Teaching Message, August 2016* का अनुवाद । Hindi । 12868 294